


***खंड 60***

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन,

मुझे उम्मीद है कि आप सभी का सप्ताहांत सुरक्षित और खुशियों से भरा बीता होगा। इस नई परिस्थिति में खुद को ढालते समय मैं सभी को आश्वासन देना चाहती हूँ कि डिस्ट्रिक्ट हमारे विद्यार्थियों को सुरक्षित तौर पर शिक्षा देने के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए डिस्ट्रिक्ट में COVID-19 फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। हम अपने सभी विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता देने और उन्हें अकादमिक, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सुरक्षित रखने के कार्य को सर्वाधिक वरियता देने के लिए वचनबद्ध हैं।

अपने विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा और तंदुरुस्ती सुनिश्चित करने के लिए हम रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए अपनी सुविधाओं को साफ और स्वच्छ रखना जारी रखेंगे। उचित रूप से मास्क पहन कर और न्यूनीकरण रणनीतियों का पालन करते हुए, हमारे विद्यार्थी शिक्षा पाने, जीवन में आगे बढ़ने और अपने पूर्ण सामर्थ्य तक पहुँच पाने के लिए आवश्यक अनुदेश प्राप्त कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह, DCSD ने हमारे कम्युनिटी हेल्थकेयर सिस्टम (OCHS) के साथ मिलकर स्टाफ के लिए PCR COVID-19 परीक्षण का आयोजन किया। PCR परीक्षण को लैब में प्रोसेस किया जाता है और आमतौर पर नतीजे आने में 24-48 घंटों का समय लगता है। परीक्षण की मांग में अभूतपूर्व बढ़ोतरी और साथ में छुट्टियों के कारण सप्लाई चेन में रुकावट के चलते COVID-19 लैब रिपोर्ट प्राप्त करने में सामान्य से अधिक समय लग रहा है। OCHS की ओर से हमारी सुविधा पर किसी भी अस्वस्थ स्टाफ को चिकित्सा परामर्श देने, PCR परीक्षण और रैपिड परीक्षण करने के लिए एक मेडिकल डॉक्टर और नर्स उपलब्ध कराई गई थीं।

OCHS ने सबसे पहले लैब के साथ मिलकर उन कर्मचारियों की पहचान की जिनके नतीजे पॉज़िटिव आए और नतीजे बताने के लिए उन्हें निजी तौर पर कॉल किया। जिन कर्मचारियों ने PCR परीक्षण कराया था उन्हें OCHS ने ज़रूरत पड़ने पर उनके किसी एक स्थान पर रैपिड परीक्षण कराने का एक अवसर दिया।  OCHS की ओर से इस सप्ताह डिस्ट्रिक्ट के ऑफिस में रैपिड परीक्षण किया जाएगा।

DCSD, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और समुदाय के लिए मासिक COVID-19 परीक्षण और वैक्सीनेशन का आयोजन भी कर रहा है। सभी आयु वर्गों के लिए मुफ्त वैक्सीन और परीक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे। अगला आयोजन शुक्रवार, 14 जनवरी को सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक Administrative & Instructional Complex, 1701 Mountain Industrial Blvd, Stone Mountain, GA में किया जाएगा। रजिस्टर करने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें।

कृपया करके DCSD समुदाय को COVID-19 परीक्षण और वैक्सीनेशन के बारे में प्रदान की जाने वाली ताज़ा जानकारी के लिए COVID स्वास्थ्य और सुरक्षा वेबसाइट पर थोड़े-थोड़े समय बाद जाते रहें आर डिस्ट्रिक्ट के Facebook, Twitter और Instagram पेज से जुड़े रहें। K-12 क्वारंटीन जानकारी और K-12 दिनचर्या प्रबंधन के लिए आप CDC की वेबसाइट पर जा सकते हैं।



**होनहार विद्यार्थी**




इस सप्ताह मैं Cedar Grove मिडिल स्कूल के आठवें ग्रेड में पढ़ने वाले Andrew Hall के बारे में विशेष जानकारी देना चाहती हूँ। Andrew अपने स्कूल में एक उभरता कंप्यूटर प्रोग्रामर है। उन्हें अपने शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और अपने सहपाठियों की तकनीक से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने में सहायता करना अच्छा लगता है। Andrew एक होनहार विद्यार्थी और दयालु व्यक्ति हैं। मुझे इस होनहार विद्यार्थी के बारे में विशेष रूप से बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है!

**स्कूल चॉइस खुला नामांकन**

स्कूल चॉइस खुला नामांकन के लिए आवेदन भरने का समय अब शुरू हो चुका है और 4 फरवरी, 2022 इसकी आखिरी तारीख है। देर से किए गए आवेदन 31 अगस्त, 2022 तक स्वीकार किए जाएंगे; हालांकि, चयन सीट उपलब्धता पर आधारित होगा। आवेदन करने के लिए, कृपया स्कूल चॉइस वेबसाइट पर जाएँ।

**स्टेट ऑफ द डिस्ट्रिक्ट**

मैं 26 जनवरी को शाम 6:30 बजे डिस्ट्रिक्ट की स्थिति के बारे में दूसरा भाषण देने जा रही हूँ। DSTV पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी होगी कि हमारे सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए किस प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं।

**विद्यार्थी डिवाइस सर्वेक्षण**

फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन इमरजेंसी कनेक्टिविटी फंड ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए डिवाइस और इंटरनेट कनेक्टिविटी की लागत वहन करने में स्कूलों की मदद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है जो दूर बैठ कर पढ़ाई कर पाने में असमर्थ हैं। DCSD को 2021-22 और 2022-23 स्कूल वर्ष की ज़रूरतों का निर्धारण करने में सहायता करने के लिए कृपया इस सर्वेक्षण को पूरा करें। डिस्ट्रिक्ट द्वारा इस जानकारी का उपयोग डिवाइस और कनेक्टिविटी ख़रीदने में किया जाएगा जिससे कि हमारे विद्यार्थियों को समर्थन जारी रखा जा सके। अगर आपके यहाँ एक से अधिक बच्चा DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में पढ़ाई करता है, तो कृपया करके प्रत्येक बच्चे के लिए अलग से सर्वेक्षण को पूरा करें। सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें।

**व्यापक मास्टर प्लान**

मैं प्रिंसिपल एड्वाइज़री काउंसिल (PAC) के सदस्यों का धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने पिछले सप्ताह वर्चुअल व्यापक मास्टर प्लान (CMP) प्रश्नोत्तरी सत्र में भाग लिया। मुझे आशा है कि CMP प्रक्रिया हमें हमारे बड़े हितधारक समूह के साथ निरंतर विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण करने में मदद करेगी। सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देखने के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें। साथ ही, कृपया CMP हितधारक फ़ीडबैक सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए यहाँ क्लिक करें। एक डिस्ट्रिक्ट के तौर पर हम आगे और ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे!

कृपया डिस्ट्रिक्ट संबंधी ताज़ा समाचारों के लिए हमारी वेबसाइट और अपने स्कूल की वेबसाइट पर जाना जारी रखें। आज आयोजित शिक्षा बोर्ड की बैठक देखने के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें। आपका सप्ताह शुभ हो!

भवदीय,

Mrs. Cheryl Watson-Harris